प्रादेशिक समाचार

06.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झारखंड समेत नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे बैठक, राज्यों की सुरक्षा स्थिति और केंद्रीय मंत्रालय द्वारा चल रही विकास योजनाओं की होगी समीक्षा।

2. झारखंड समेत देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे दीवारें खड़ी कर यात्रियों के सफर को सुरक्षित बनाएगी केंद्र सरकार, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जारी किया सर्कुलर।

3. राज्य के शहरी क्षेत्र स्थित स्कूलों में कार्यरत पारा शिक्षकों के मानदेय में चार फीसदी की वृद्धि, पहली जनवरी 2023 से मिलेगा लाभ।

4. दुर्गापूजा के दौरान राज्य भर में दस हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों को सुरक्षा में किया जाएगा तैनात, कल से 14 अक्टूबर तक विभिन्न जिलों में सुरक्षा व्यवस्था पर रखेंगे नजर।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झारखंड समेत नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान राज्यों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में उग्रवाद प्रभावित सभी आठ राज्यों में विकास योजनाएं चला रहे केंद्रीय मंत्रालयों के पांच मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

****

केंद्र सरकार झारखंड समेत देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे दीवारें खड़ी कर यात्रियों के सफर को सुरक्षित बनाएगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब निर्माण कंपनी और ठेकेदार राजमार्ग के निर्माण के साथ उसके किनारे तय मानक के अनुसार सुरक्षा दीवार भी बनाएगी। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा जानवरों से छुटकारा मिलेगा और अवैध प्रवेश बंद होगा। इसके साथ ही राजमार्गों की भूमि पर अवैध कब्जा भी नहीं हो सकेगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस सम्बन्ध में परिपत्र जारी कर दिया है।

****

एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि देशभर में एकसाथ चुनाव कराने से देश को बहुत लाभ होगा। नई दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि एकसाथ चुनाव से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। श्री कोविन्द ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

****

गिरिडीह जिले में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

****

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और देश की विकास दर 6.7 % होगी। श्री सिंह रांची विश्विद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में विकसित भारत–अम्बेस्डर युवा कनेक्ट विषय पर छात्रों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश निराशावाद से आशावाद में आया है और वर्तमान भारत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की क्षमता है।

****

राज्य के शहरी क्षेत्र स्थित स्कूलों में कार्यरत पारा शिक्षकों के मानदेय में चार फीसदी की वृद्धि की गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर जारी आदेश के अनुसार पारा शिक्षकों को पहली जनवरी 2023 से इसका लाभ मिलेगा। मानदेय बढ़ोत्तरी की राशि वेतन के साथ एरियर के रूप में मिलेगी।

****

दुर्गापूजा के दौरान राज्य भर में दस हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों को सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद ये सभी अतिरिक्त जवान सात से 14 अक्टूबर तक विभिन्न जिलों में सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने बताया कि राजधानी रांची समेत सभी जिलों में सुरक्षा की व्यापक तैयारी की गई है।

इधर, रांची में पूजा पंडालों के पट खुलने लगे हैं। इसलिए सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

****

कोडरमा जिले में गृह रक्षक की बहाली को लेकर आज आयोजित दौड़ के दौरान तीन महिला अभ्यर्थी गिरकर घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य में कई हिस्सों में अगले चार दिनों तक गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रांची के अलावा खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, और गिरिडीह जिले में इसका असर देखा जा सकता है। इसके अलावा संताल परगना के एक – दो हिस्सों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बारिश और वज्रपात की आशंका के कारण येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में रांची की टीम 71 पदक जीत कर तालिका में शीर्ष स्थान पर रही। वहीँ, पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने 34 और सरायकेला–खरसांवा की टीम ने 15 पदक जीते। ताइक्वांडो और तीरंदाजी में रांची और बॉलीवॉल में रामगढ़ की टीम विजेता बनी। पूरे प्रतियोगिता का आयोजन रांची स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ।

*******समाप्त*************